## एक नजर में

### स्कूटी पाकर खुश हुई लाली कुशवाह

**छापीहेड़ा 15 सितम्बर, सं.** शासकीय कन्या उमावि छापीहेड़ा में स्कूटी वितरण आयोजन में मुख्य अतिथि बालचंद दांगी, सुनील नैनावत, बद्रीलाल रजक, राधेश्याम भामी, श्रीनाथ दाँगी, प्रवीण विसालिया, बाबूलाल पाटीदार एवं रामबाबू चौहान ने छात्रा लाली कुशवाह को स्कूटी का स्वीकृति पत्र भेंट किया गया. स्वीकृति पत्र पाकर वह खुश नजर आई .अपने संबोधन में श्री दांगी ने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाएगी. बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा. जिससे वे समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगी. प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया. संचालन गोविंद प्रसाद कारपेंटर ने किया.

### मातृशक्ति के द्वारा चुनर यात्रा 28 को

**जीरापुर 15 सितम्बर, सं.** टीम सखी मातृ शक्ति के तत्वाधान में खेराबाद में चुनर यात्रा आयोजित की जायेगी. मातृशक्ति टीम सखी विगत 4 वर्षो से शारदीय नवरात्रि में चुनर यात्रा का आयोजन करती आ रही हैं. टीम सखी संयोजिका श्रीमती कृष्णा गुप्ता रावतभाटा, श्रीमती कुसुम जमींदार जीरापुर एवं श्रीमती कामाक्षी गुप्ता भवानीमंडी ने बताया कि यह चुनर यात्रा सामाजिक उन्नति खुशहाली और एकता की कामना को लेकर निकाली जाती है. टीम सखी विनीता चौधरी खैराबाद, कीर्ति गुप्ता झालरापाटन, पारुल टांक छापीहेड़ा, विद्या गुप्ता डोंगरगांव, रंजना गुप्ता खुजनेर, तृप्ती खिलचीपुर, रुक्मणी गुप्ता ब्यावरा, ज्योति गुप्ता सोयत, संतोष गुप्ता रामगंजमंडी, माला गुप्ता जीरापुर, सुनीता गुप्ता घाटोली, वंदना गुप्ता संडावता, कुसुम गुप्ता सुनेल संगीता गुप्ता पिपलिया वाले इंदौर, अंजू गुप्ता भीलवाडी,कृष्णा गुप्ता सुनेल वाले कोटा, रेखा गुप्ता खुजनेर, ममता गुप्ता एवं रचना गुप्ता ब्यावरा ने कहा कि अधीक से अधिक संख्या में चुनर यात्रा में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य करें.

### 2 अक्टूबर तक मनायेंगे सेवा पखवाड़ा

**राजगढ़ 15 सितम्बर, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा. संबंधित विभागों से समन्वय कर विभिन्न कार्यक्रम जैसे सही पोषण, स्वस्थ जीवन पर कार्यशाला आयोजित करना, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, पानी के महत्व की जानकारी पर कार्यशाला, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, सिकल सेल एनीमिया जागरूता रैली, क्षय रोग जागरूकता अभियान, रक्तदान के लिए जागरूकता रैली, वृद्धों की सेवा एवं सम्मान, निशक्तजनों की सेवा एवं कृतिम अंग प्रदान करना, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, जीवन रक्षा यातायात नियमों संबंधी कार्यशाला, मातृत्व एवं शिशु कल्याण कार्यकम, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया जाएगा.

# आतंकवाद के विरोध में एकजुट हुआ नगर

## आक्रोश रैली में उमड़ा सैलाब, पूर्णत: बंद रहा नगर, आतंकवाद में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही की मांग

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 15 सितंबर, का.** आतंकवाद के खिलाफ सोमवार को नगर में विशाल आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ हुंकार भरते हुए कहा गया कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों और ऐसे देशद्रोही तत्वों को संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्यवाई की जाये. विरोध स्वरुप दोपहर तक बाजार पूर्णत: बंद रहा.

गौरतलब है कि विगत दिवस स्थानीय शहीद कॉलोनी निवासी कामरान कुरैशी नामक युवक के आतंकवादी संगठन से जुड़ा होने की घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है. मांग की जा रही है कि आतंकवाद से जुड़े लोगों एवं ऐसे तत्वों को संरक्षण देने वालों पर सख्त से सख्त कठोर कार्यवाई हो.

**साजिश का हुआ पर्दाफाश**
पीपल चौराहा पर बने मंच से धर्मगुरुओं के द्वारा अपना प्रभावी उद्‌बोधन देते हुए आतंकवाद से जुड़े देशद्रोहियों एवं ऐसे तत्वों को संरक्षण देने वालों पर रासुका के तहत कार्यवाई करने की मांग की गई. वक्ताओं ने कहा कि एक युवक के आतंकवादी संगठन से जुड़े होने की घटना बहुत ही गंभीर मामला है. शांति के टापू इस नगर में इतनी बड़ी साजिश रची जा रही थी. जिसका पर्दाफाश हुआ है. ऐसे लोगों एवं उनको संरक्षण देने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाई हो.



### सख्त कार्यवाई की मांग

माँ वैष्णोदेवी मंदिर परिसर से आक्रोश रैली प्रारंभ हुई. लोग हाथो में तख्तियां, ध्वज पताकाएं लिए हुए चल रहे थे. रैली में शामिल लोग नारे लगाते हुए देशद्रोहियों पर कठोर कार्यवाई की मांग कर रहे थे. पुराना ए.बी.रोड, जगात चौक, सुभाष चौक, मैन मार्केट सहित प्रमुख मार्गो से होते हुए रैली पीपल चौराहा पहुंची जहां वक्ताओं ने आतंकवाद पर जमकर प्रहार किया.

### बाजार रहा पूर्णत: बंद

आतंकवाद के विरोधस्वरुप लोगों में काफी आक्रोश देखा गया. सुबह से ही बाजार पूर्णत: बंद रहा. सभी छोटी, बड़ी दुकाने, प्रतिष्ठान, होटल सहित व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे. दोपहर 2 बजे के बाद तक दुकानें बंद रही. रैली एवं ज्ञापन के बाद दुकानें खुलना शुरु हो गई.

**मुस्लिम समाज ने भी दिया आतंकवाद के खिलाफ ज्ञापन**
मुस्लिम समाज द्वारा भी आतंकवाद के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया है. जिला पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि शहीद कॉलोनी निवासी युवक कामरान कुरैशी की गिरफ्तारी से समूचे नगर के साथ ही समाज स्तब्ध रह गया है. सदर इकबाल हुसैन ने बताया कि मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवादी गतिविधि की घोर निंदा की है. इस मामले में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले.

### एकजुट हुआ जनमानस

आक्रोश रैली में धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, सेवाभावी, जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न संगठनों, हर वर्ग के लोग शामिल हुए. युवा, बड़े, बच्चे, महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे. आतंकवाद, देशद्रोहियों के खिलाफ काफी आक्रोश लोगों में दिखाई दे रहा था. आतंकवाद, देशद्रोहियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई की मांग को लेकर लोग एकजुट हो गये.

मंच पर पं. प्रमोद नागर, सतीश नागर, कामेशकृष्ण शर्मा, सुदर्शन शर्मा उपस्थित रहे. ब्यावरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए देशद्रोही तत्वों एवं इनको संरक्षण देने वालों की जांच कर ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाई की मांग की गई.

# नदी में तलाशती रही पुलिस, महाराष्ट्र से मिला युवक

## दस दिन से लापता संडावता निवासी युवक महाराष्ट्र में मिला

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 15 सितंबर, सं.** तहसील सारंगपुर के तहत आने वाले संडावता निवासी युवक की कार गत दस दिन पूर्व सारंगपुर स्थित कालीसिंध नदी से मिली थी किंतु कार में सवार युवक लापता था. जिसकी परिजन, पुलिस प्रशासन द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी. इसी बीच सोमवार को रहस्मयी परिस्थितियों में युवक महाराष्ट्र से मिला. जिसे लेने पुलिस एवं परिजन वहां रवाना हो गये है.



जानकारी के अनुसार संडावता निवासी युवक विशाल सोनी की कार 5 सितंबर को कालीसिंध नदी में मिली थी. किंतु युवक नहीं मिला. युवक की जोरों से तलाश की जा रही थी.

**परिजनों ने लगाए थे आरोप**
परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा था कि युवक की गंभीरता से तलाश नहीं की जा रही है. प्रशासन ने युवक को ढूंढने के लिए काफी मशक्कत की और कालीसिंध डेम, कडलावत डेम सहित अन्य जगह एनडीआरएफ टीम और प्रशासनिक आमला नदी में लगातार सर्चिंग कर युवक को तलाश कर रहा था. सोमवार को पुलिस को सूचना मिली की युवक सकुशल है और उसकी मोबाइल लोकेशन महाराष्ट्र के प्रतापपुर गांव के आसपास है. पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस को सूचना दी जिस पर युवक को अपने कब्जे में ले लिया. जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम युवक को लेने के लिए महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गई. युवक द्वारा इस तरह का कदम क्यों उठाया यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा. पुलिस द्वारा युवक के परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके है.

**इंदौर के बाद महाराष्ट्र में मिली लोकेशन**
पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकलवाई, इसमें लोकेशन पहले इंदौर और फिर महाराष्ट्र में मिली. जिसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया. इस पर पुलिस ने खोजबीन का दायरा बढ़ाया. आखिरकार दो दिन पहले सूचना मिली कि विशाल महाराष्ट्र के प्रतापपुर गांव में देखा गया है. पुलिस ने औरंगाबाद जिला पुलिस से संपर्क किया. सोमवार को फर्दापुर थाना पुलिस ने सारंगपुर थाना से संपर्क किया और बताया कि युवक को खोज लिया गया है. सारंगपुर पुलिस की टीम यहां से युवक को लेने गई है.

**कैसे महाराष्ट्र पहुंचा युवक**
बताया जा रहा है कि युवक खराब कपड़े और थकान से भरी हालत में मिला है. इस स्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए है. कार नदी में गिरने के बाद वह कैसे निकला और दस दिन तक कहां रहा. इसका राज उसकी पूछताछ से ही सामने आ सकेगा. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है.



# सरकार की नाकामियों को उजागर करें कार्यकर्ता

## जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कांग्रेंस कार्यकर्ताओ ने रैली निकाल जोरदार स्वागत किया**

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 15 सितम्बर, सं.** कांग्रेंस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेंस कार्यकर्ताओ ने शहर में रेली निकाल जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. जिसमें अतिवृष्टि से खराब फसलो का मुआवजा देने. वर्ष 2023-24 की बीमा राशि का लाभ देने. वर्ष 2018 के बाद जिन किसानो का नामांतरण, बंटवारा हुआ उनको किसान सम्मान निधि का लाभ दिये जाने. क्षेत्र की लाडली बहनो के नाम काटे गए है उन्हे फिर से जोड़ा जाने. किसानो की सोयाबीन फसल का भाव सात हजार क्विंटल करने. नगर के सिटी पोर्सन रोड़ का काम शीघ्रता से पूरा करना शामिल है. इस दौरान सूरजपोल सामुदायिक भवन में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष खींची ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट हो और सरकार की जनविरोधी नीतियों का खूलकर विरोध करें. उन्होने कहा कि जल्द कांग्रेंस पार्टी में नियुक्तियां होगी. काम के आधार पर कार्यकर्ताओ को पद दिए जाऐंगे.

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के आत्मसम्मान के लिए हम भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है. इस दौरान पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, जिपं उपाध्यक्ष पर्वत यादव, गोविंद सिंह गुर्जर, मदरूप सिंह, देवेन्द्र बना, प्रवीण ग्रोवर, ज्ञानसिंह मीणा, लोकेन्द्र वर्मा, मंजूलता शिवहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेंस कार्यकर्ता मौजूद थे. पहली बार नगर आगमन में कांग्रेंस कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया.

# रेलवे ट्रैक के पास मिला युवा व्यापारी का शव

## खुजनेर निवासी युवक की मौत से शोक छाया

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/खुजनेर 15 सितंबर, सं. स्थानीय बायपास रोड स्थित रिलायंस पम्प के समीप से गुजर रहे रेलवे ट्रेक के निकट सोमवार की शाम एक युवा व्यापारी का शव मिला. खुजनेर निवासी युवक ब्यावरा में एक रेडिमेड दुकान चला रहे थे.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक के पास खुजनेर के एक 32 वर्षीय व्यापारी का शव मिला. मृतक की पहचान मुरली सेन के रूप में हुई है. बताया जाता है कि मृतक द्वारा करीब दो माह पहले ही ब्यावरा में रेडीमेड की दुकान खोली थी. युवक वर्तमान में ब्यावरा में रेडीमेड और साड़ी की दुकान चला रहा था. मृतक युवक मुरली का भाई राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव के पीए है.

थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरु की. मृतक मुरली सहज, सरल एवं मिलनसार तथा मधुर व्यवहार के युवा थे. थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.



### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**राजगढ़ 15 सितम्बर, का.** कल से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत होने जा रही है. अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली. बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के लिए अधिकारियों को ओआईसी और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. जिला अस्पताल, ब्लॉक मुख्यालयों के अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में इसका विधिवत शुभारंभ किया जाएगा. इसके बाद 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्वास्थ संबंधी गतिविधियों को करते हुए प्रत्येक महिला का स्वास्थ परीक्षण, उपचार, परामर्श और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा. इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, डीटीओ डॉ. राजीव हरिऔध, डॉ. महेंद्रपाल सिंह सहित स्वस्थ कर्मचारी मौजूद थे.

अभियान के पहले दिन, 17 सितंबर को, जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस पूरे अभियान के दौरान लगने वाले शिविरों में 700 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है.

# माँ कामख्या धाम के लिए तीर्थयात्री रवाना

## तीर्थ दर्शन योजना : श्रद्धालुओं का जत्था रवाना, राज्यमंत्री ने किया अभिनंदन



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 15 सितंबर, का. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मां कामाख्या धाम के दर्शन हेतु सोमवार को नगर से श्रद्धालु रवाना हुए.**

रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत करते हुए विदाई दी गई. राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने यात्रियों का अभिनंदन कर उन्हें मंगलमयी एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी.

श्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश सरकार की एक ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी पहल है. इस योजना के माध्यम से वे वरिष्ठजन और श्रद्धालु जो आर्थिक अथवा अन्य कारणों से प्रमुख तीर्थ स्थलों तक नहीं पहुंच पाते उन्हें नि:शुल्क यात्रा का अवसर मिल रहा है. आज हमारे बुजुर्गजन और श्रद्धालु जिस हर्ष और श्रद्धा के साथ मां कामाख्या धाम के लिए रवाना हो रहे है, वह इस योजना की सफलता का प्रतीक है.

योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग ले और धार्मिक पर्यटन के साथ प्रदेश की संस्कृति का गौरव भी बढ़े. श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना आमजन के लिए एक आशीर्वाद है. जिसने उन्हें अपने जीवन का एक बड़ा सपना पूरा करने का अवसर दिया है. उत्साह और धार्मिक वातावरण में जयकारों के बीच श्रद्धालु मां कामाख्या धाम के लिए रवाना हुए.

# विद्यार्थियों को नि :शुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित

**खिलचीपुर 15 सितम्बर, सं.** विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना भी इन्हीं योजनाओं में से एक है. इस योजना के तहत गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खिलचीपुर में मध्यप्रदेश सरकार की योजना के तहत टॉपर विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी वितरण की गई. नगर पालिका अध्यक्ष राम जानकी मालाकार पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि सिंह सिसोदिया, मंडल के कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय भिलाला, सुनील दांगी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चुन्नीलाल दांगी व प्राचार्य बालकिशन दांगी व समस्त शिक्षक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद में स्कूटी वितरण किया गया.

# बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**जीरापुर 15 सितंबर, सं.** कुंडालिया पेयजल परियोजना एलएनटी कंपनी के द्वारा सोमवार को आठवां मिल जेतपुरा में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया. विदित है कि एल एंड टी कंपनी द्वारा वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. ब्लड डोनेट कैम्प का शुभारंभ प्रोजेक्ट मेनेजर उत्कृष्ट गुप्ता द्वारा रक्त दान कर किया. ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय राजगढ़ द्वारा सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व आभार के रूप में प्रशंसा पत्र प्रदान किए गये. इस मौके पर सेफुद्दीन अहमद,दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह, रोहन दुगारिया, पप्पू दांगी सहित स्टॉफ सदस्य सहित ब्लड बैंक प्रभारी राजकुमार भिलाला, अब्दुल रईस खान, देवेंद्र वर्मा, कदम गौर, हुकम गुर्जर द्वारा रक्त संग्रहण किया गया.




**हड़ताल** — विधायक हजारीलाल दांगी ने अस्पताल पहुंचकर डाक्टरों से चर्चा कर हड़ताल खत्म करवाई

# डॉक्टर के साथ हुई घटना, हड़ताल पर रहा सिविल अस्पताल का स्टॉफ

**माचलपुर में चिकित्सक के साथ अभद्रता, मारपीट का**

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 15 सितंबर, सं. दो दिन पूर्व माचलपुर के शासकीय हॉस्पिटल में महिला चिकित्सक से एक महिला द्वारा अभद्र व्यवहार कर मारपीट करने की घटना हुई थी जिसके विरोध स्वरुप जीरापुर सिविल अस्पताल के डॉक्टर सहित स्टॉफ सदस्य सोमवार को हड़ताल पर चले गये.**

बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया ने कहा कि माचलपुर अस्पताल में डॉक्टर सुरक्षित नहीं है आए दिन ऐसी घटना सामने आ रही है. दो दिन पूर्व भी ऐसा ही देखने को मिला. डॉक्टर के साथ मारपीट करने वाले को गिरफ्तार किया जाये. जब तक गिरफ्तारी नहीं होती तब तक धरना प्रदर्शन चालू रखेंगे.



### विधायक की समझाइश पर माने

सिविल अस्पताल में धरने की सूचना पर विधायक हजारीलाल दांगी वहां पहुंचे. डॉक्टरो से चर्चा की. उन्होंने कहा कि अगर आप ही धरने पर बैठ जाएंगे तो मरीजो का इलाज कौन करेगा. कहा कि डॉक्टर पाटीदार को 15 दिन के लिए जीरापुर सिविल अस्पताल में पदस्थ किया जाएगा. आपकी मांग पूरा करने का प्रयास करेंगे.

**गेट बंद कर धरने पर बैठे** स्टाफ सहित डॉक्टर सिविल अस्पताल के आगे परिसर में गेट बंद करके धरने पर बैठ गए तथा कहा कि ओपीडी भी बंद है लेकिन यह भी कहा कि इमरजेंसी होगी तो उनका इलाज करेंगे. डॉक्टरों का कहना है कि आए दिन ऐसी घटना होती है जिससे हम सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं अगर ऐसा ही चलता रहेगा तो हम ड्यूटी कैसे करेंगे.

**क्या था मामला**
माचलपुर अस्पताल में हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें महिला डॉक्टर बचकर भाग रही है और लोग उनके पीछे है. महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता की गई. लोगों ने उन्हें बचाया.

बताया जाता है कि अस्पताल लाये युवक की हालत गंभीर होने पर जांच के बाद उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया गया रास्ते में युवक की मौत हो गई. इसके बाद परिजन शव लेकर दोबारा अस्पताल पहुंचे डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे. इसी दौरान महिलाओं ने डॉक्टर के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से माचलपुर थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई पुलिस ने रात में ही मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

कहा कि जो माचलपुर में क्वार्टर डॉक्टर के ट्रांसफर के बाद खाली नहीं हुआ था उसको भी आज ही खाली करा कर बीएमओ को सौंप दिया जाएगा. विधायक ने मौके पर ही जिला कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा एवं एसडीएम अंकिता जैन से फोन पर चर्चा कर तत्काल क्वार्टर खाली करवाने की बात रखी. विधायक की इस पहल की सराहना की जा रही है.

### मेडिकल स्टोर संचालकों ने की हड़ताल

रविवार को माचलपुर में मेडिकल स्टोर वालों ने हड़ताल कर मेडिकल दोपहर तक बंद रखे. सभी डॉक्टर एकमत होकर धरने पर बैठे. डॉक्टर द्वारा कहा गया की हम सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है. डॉक्टर किसी की जान से खिलवाड़ नहीं करना चाहते अगर रेफर करने के बाद रास्ते में ऐसा हुआ है तो इसकी जानकारी हमें नहीं थी.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रामप्रसाद परमार पिता श्री रतन सिंह परमार, निवासी ग्राम गणेशपुरा, तहसील खिलचीपुर, जिला राजगढ़ (म.प्र.), यह सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम रामप्रसाद परमार से बदलकर अब हरिश परमार कर लिया है. अत: भविष्य में मुझे हरिश परमार पिता श्री रतन सिंह परमार, निवासी ग्राम गणेशपुरा, तहसील खिलचीपुर, जिला राजगढ़ (म.प्र.) नाम से जाना और पहचाना जाएगा. (पुराना नाम) रामप्रसाद परमार (नया नाम) हरिश परमार दिनांक 08/09/2025 स्थान राजगढ़ (म.प्र.)



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित उदनखेडी शाखा पचोर जिला राजगढ़ ( ब्यावरा ) म.प्र.**
**क्र. 85 दिनांक 18/12/1957**

**वर्षिक साधारण आमसभा सूचना पत्र**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित उदनखेड़ी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 27/09/2025 दिन शनिवार को समय 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय उदनखेड़ी में आयोजित की जावेगी. गणपूर्ति कोरम के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 आधा घंटे पश्चात होगी. जिसमें गणपूर्ति आवश्यक होगी. बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है.

**समिति प्रबंधक**
**मोहनलाल राजपूत**
**समिति प्रशासक**
**दिनेश कुमार शर्मा**